दिनांक–13 जनवरी 2026 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण–एनएचएआई की विभिन्न सड़क परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। कहा–विकास और पर्यावरण का संतुलन सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता।
- मुख्यमंत्री और केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने लखनऊ में ग्लोबल एआई इंपैक्ट सम्मेलन की शुरुआत की। मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य सेवाओं में एआई के प्रयोग से उत्तर प्रदेश के अग्रणी राज्य बनने की संभावनाओं पर दिया जोर।
- प्रयागराज माघ मेले में मकर संक्रांति पर स्नान को लेकर पुलिस और प्रशासन ने तेज की तैयारी। आज शाम से मेला क्षेत्र में बंद हो जाएगा वाहनों का प्रवेश।
- लोकसभा में पहली फरवरी से पेश किया जाएगा केंद्रीय बजट दो हजार छब्बीस–सत्ताइस।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण एनएचएआई द्वारा संचालित एवं प्रस्तावित विभिन्न सड़क परियोजनाओं की प्रगति का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये समीक्षा की और कई जरूरी दिशा–निर्देश दिये। एक रिपोर्ट–

***समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्पष्ट किया कि इंफ्रास्ट्रक्चर विकास प्रदेश की आवश्यकता है, लेकिन यह पर्यावरण की कीमत पर नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि विकास और पर्यावरण का संतुलन सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। श्री योगी ने निर्देश दिए कि किसी भी परियोजना के लिए अपरिहार्य स्थिति में ही वृक्षों का कटान हो। जितने वृक्ष काटे जाएं, उससे अधिक संख्या में पौधरोपण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस वर्ष प्रदेश में 35 करोड़ पौधरोपण का लक्ष्य तय किया गया है। परियोजनाओं के समयबद्ध निस्तारण के लिए मुख्यमंत्री ने उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए निर्देशित किया कि जिलाधिकारी साप्ताहिक एवं मुख्य सचिव पाक्षिक स्तर पर कार्यों की गहन समीक्षा करें। किसी भी स्तर पर लंबित विषयों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनहित की इन परियोजनाओं में भूमि अधिग्रहण के लिए किसानों से सीधा संवाद किया जाए। समाचार कक्ष से अरूण।***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में ग्लोबल एआई इंपैक्ट सम्मेलन दो हजार छब्बीस के तहत उत्तर प्रदेश एआई एवं स्वास्थ्य नवाचार सम्मेलन का शुभारंभ किया। इस अवसर पर केंद्रीय वाणिज्य, उद्योग, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितिन प्रसाद भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि समावेशी विकास के लिए नीति को नवाचार से जोड़ना जरूरी है।

***पिछले 8 वर्ष में डबल इंजन सरकार के प्रयासों का परिणाम है। आज देश के 55 प्रतिशत मोबाइल फोन का मैन्युफैक्चरिंग का काम उत्तर प्रदेश कर रहा है। देश के अंदर इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट का निर्माण 60 प्रतिशत अकेले उत्तर प्रदेश के अंदर हो रहा है। इसीलिए उत्तर प्रदेश सरकार ने तय किया है कि हम लोग यूपीआई मिशन जो लगभग हमारा 2,000 करोड़ का होगा, उसको हम अगले 3 वर्ष के अंदर फेज वाइज आगे बढ़ा करके आदरणीय प्रधानमंत्री जी के इस विजन को प्रभावी ढंग से जमीनी धरातल पर आगे बढ़ाने का काम करेंगे।***

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश तकनीक का केंद्र बन रहा है। उन्होंने कहा कि डिजिटाइजेशन और टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश ग्रोथ इंजन साबित हो रहा है। श्री प्रसाद ने कहा कि एआई पेनेट्रेशन के मामले में भारत पहले स्थान पर पहुंच चुका है।

भारत विश्व का सबसे बड़ा एएआई सेवा प्रदाता बनने के मार्ग पर आगे बढ़ रहा है जिसमें उत्तर प्रदेश की भूमिका महत्वपूर्ण होगी।

***इंपैक्ट समिट आने वाले समय में भारत की एआई नीति और एआई सर्विस जैसे इंटरनेट सर्विस प्रोवाइडर होते हैं, वैसे भारत एआई सर्विस प्रोवाइडर ऑफ द वर्ल्ड बनने वाला है और हमारे जो स्टार्टअप हैं, जो युवा हैं, उनके ऊपर यह जिम्मेदारी आएगी कि विश्व में भारत का डंका बजेगा और हम लोग वह कारगर साबित होंगे जो आज यह कार्य हो रहे हैं। उत्तर प्रदेश एक बहुत बड़ी भूमिका निभा रहा है।***

**********

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने लखनऊ में बताया कि अब हेल्थ एटीएम का संचालन और बेहतर तरीके से हो सकेगा। इसके लिये एकीकृत कमांड कन्ट्रोल सेंटर की स्थापना की जाएगी। प्रदेश सरकार ने इन सेंटरों के लिये पच्चीस करोड़ रूपये के बजट को मंजूरी दे दी है। उन्होंने बताया कि हेल्थ एटीएम में लोगों की पैथोलॉजी, ब्लडप्रेशर सहित कई अन्य जांच हो सकेगी, जिससे अस्पतालों में जांच के लिये मरीजों का दबाव भी कम होगा।

**********

केंद्रीय पंचायतीराज राज्य मंत्री प्रोफेसर एस.पी सिंह बघेल ने कहा कि विकसित भारत जी राम जी अधिनियम से देश के गांवों की दशा और दिशा में परिवर्तन आएगा। आगरा में कल एक पत्रकार वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि मनरेगा में संशोधन कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत के सपने को साकार करने की ओर सशक्त कदम उठाया है।

***कोई राष्ट्र विकसित तब बनेगा जब उसकी बड़ी आबादी को नागरिक सुविधाएं मिले या उसकी पर कैपिटल एडवांटेज ठीक हो। देश में अधिकांश गांव हैं, खेत कल्याण से होकर देश की खुशहाली का रास्ता जाता है इसलिए विकसित भारत की भी नींव है यह।***

**********

प्रयागराज माघ मेले में मकर संक्रांति तथा मौनी अमावस्या पर होने वाले स्नान को लेकर पुलिस और प्रशासन ने तैयारी तेज़ कर दी है। मेला प्रशासन के अनुसार, आज शाम से ही मेला क्षेत्र में वाहनों का प्रवेश बंद कर दिया जाएगा। वहीं 18 जनवरी को मौनी अमावस्या स्नान पर्व को लेकर 16 जनवरी की शाम से ही मेला क्षेत्र में वाहन प्रतिबंधित कर दिए जाएंगे। आगामी स्नान पर्व के दृष्टिगत मेला क्षेत्र में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। एक रिपोर्ट...

***श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संगम नोज से लेकर मेला क्षेत्र के सभी प्रवेश द्वारों पर मेला पुलिस, पीएसी एवं आरएएफ के जवानों की सघन तैनाती की गई है। प्रवेश द्वारों पर संदिग्ध व्यक्तियों की गहन तलाशी और सत्यापन के बाद ही मेला क्षेत्र में प्रवेश दिया जा रहा है। मेला क्षेत्र की सुरक्षा के लिए आठ–स्तरीय सुरक्षा घेरा स्थापित किया गया है। सभी पांटून पुलों के दोनों सिरों पर पीएसी बल मौजूद है, जिससे आवागमन पर प्रभावी नियंत्रण रखा जा सके। संपूर्ण मेला क्षेत्र की निगरानी सीसीटीवी कैमरों एवं कंट्रोल रूम के माध्यम से लगातार की जा रही है। सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए पुलिस आयुक्त, कमिश्नरेट प्रयागराज एवं पुलिस अधीक्षक माघ मेला सहित वरिष्ठ अधिकारी मेला क्षेत्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा कर रहे हैं। प्रवीण मिश्र, आकाशवाणी समाचार, प्रयागराज।***

कल प्रयागराज पहुंचे प्रदेश के नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा ने माघ मेले की तैयारियों का निरीक्षण किया और बैठक कर अधिकारियों को श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा से जुड़े कई जरूरी दिशा–निर्देश दिये।

**********

प्रदेश सरकार ने पंद्रह जनवरी को मकर संक्रांति का अवकाश घोषित किया है। इससे पहले यह अवकाश चौदह जनवरी को प्रस्तावित था। शासन द्वारा जारी नये आदेश के जरिए मकर संक्रांति के अवकाश में संशोधन किया गया है।

**********

केंद्रीय बजट दो हजार छब्बीस सत्ताईस पहली फरवरी से लोकसभा में पेश किया जाएगा। संसद का बजट सत्र इस महीने की अट्ठाइस तारीख से शुरू होकर दो अप्रैल तक चलेगा। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कल नई दिल्ली में बताया कि सदन में बजट पेश करने की प्रक्रिया पहली फरवरी को सवेरे ग्यारह बजे शुरू होगी। इससे पहले, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा था कि संसद सत्र का दूसरा चरण नौ मार्च को शुरू होगा और दो अप्रैल तक चलेगा।

**********

राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रदेश में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत जिला निर्वाचन अधिकारियों, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों और अन्य अधिकारियों ने बूथों का निरीक्षण कर यह सुनिश्चित किया है कि प्रत्येक बीएलओ के पास पर्याप्त संख्या में नाम जुड़वाने और संशोधन कराने के लिए फार्म की उपलब्धता रहे।

***मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने नागरिकों से अपील की है कि वह अपना नाम आलेख्य मतदाता सूची में अवश्य चेक करें। यदि किसी पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं है तो वह फॉर्म छह ऑफलाइन बीएलओ के पास अथवा ऑनलाइन भर कर अपना नाम मतदाता सूची में सम्मिलित करवा सकते हैं। दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि छह फरवरी, दो हजार छब्बीस तक निर्धारित है। उन्होंने बताया कि छह मार्च दो हजार छब्बीस को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता***

**********

प्रदेश में कड़ाके की ठंड और कोहरे का प्रभाव बना हुआ है। मौसम विभाग ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में आज भी कहीं कहीं घना से लेकर अत्यंत घना कोहरा पड़ने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। विभाग के मुताबिक अगले दो दिनों तक प्रदेश भर में कहीं कहीं घने कोहरे का असर बना रहेगा।

**********